# UP TGT-PGT Daily Rank Booster, Hindi Day -5

ENTRI
GET IT ON Google Play

1. **उपविराम चिन्ह को किस प्रकार व्यक्त किया जाता है?**

A ।

B “”

C ;

D :

**Solution**

उप विराम ( : )- जब किसी कही गयी बात के बारे में और अधिक विस्तार से प्रदर्शित करना हो तो उप विराम चिन्ह का प्रयोग किया जाता है। अर्थात जब भी किसी के बारे में कुछ ज्यादा जानकारी एक वाक्य में देनी हो तो इसका उपयोग किया जाता है।

जैसे-

- अनुवाद: साहित्यिक, मशीनी और तकनीकी
- कंप्यूटर: एक वरदान या अभिशाप
- सूरदास: एक विवेचनात्मक अध्ययन

2. **अभिधर्मकोश नामक रचना के रचनाकार है?**

A सुबंधु

B बिल्हण

C भटिट

D **वसुबंधु**

## Solution

वसुबंधु एक प्रभावशाली बौद्ध भिक्षु और गांधार के विद्वान थे। वह एक दार्शनिक थे जिन्होंने सर्वधर्म और सौत्रान्तिक विद्यालयों के दृष्टिकोण से अभिधर्म पर भाष्य लिखा था।

जीवन के प्रारम्भिक काल में वसुबंधु सर्वास्तिवादी थे। आचार्य संघभद्र के प्रभाव से ये 'कश्मीर-वैभाषिक' हो गए और उसी समय इन्होंने 'अभिधर्मकोश' का प्रणयन किया। इस ग्रन्थ का विद्वत्समाज में बड़ा आदर था। महाकवि बाणभट्ट ने अपने हर्षचरित ग्रन्थ में अभिधर्मकोश का उल्लेख किया है।

3. **निम्नलिखित विकल्पों में से वाक्य का शुद्ध रूप क्या है?**

A भारत में अनेकों जातियाँ हैं।

B **भारत में अनेक जातियाँ हैं।**

C भारत में अनेकों जाति हैं।

D भारत में अनेक जाति है।

## Solution

'भारत में अनेक जातियाँ हैं।' शुद्ध वाक्य है क्योंकि इसमें कोई त्रुटि नहीं है।

'भारत में अनेक जाति है।' में वचन संबंधी अशुद्धि है। 'जाति' के स्थान पर 'जातियाँ' होना चाहिए।

'भारत में अनेकों जाति है।' वाक्य में शब्द अज्ञान और वचन संबंधी अशुद्धि है। 'अनेकों जाति' के स्थान पर 'अनेक जातियाँ' का प्रयोग होना चाहिए।

'भारत में अनेकों जातियाँ हैं।' में शब्द अज्ञान संबंधी अशुद्धि है। 'अनेकों' के स्थान पर 'अनेक' होना चाहिए।

4. **निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?**

A. मैं जाऊँगा दिल्ली।

B. क्यों तुम नहीं जाते वहाँ?

C. बैठो और पढ़ो पुस्तक।

D. **हमें चलना चाहिए।**

## Solution

‘हमें चलना चाहिए।' शुद्ध वाक्य है क्योंकि अन्य विकल्पों में त्रुटियां हैं।

'मैं जाऊंगा दिल्ली' वाक्य में पदक्रम सम्बन्धी त्रुटि है।'मैं जाऊंगा दिल्ली’ के स्थान पर ‘मैं दिल्ली जाऊंगा’ उचित होगा।

'क्यों तुम नहीं जाते वहां?' वाक्य में पदक्रम सम्बन्धी त्रुटि है। ‘तुम क्यों नहीं जाते वहाँ?’ उचित वाक्य होगा।

'बैठो और पढ़ो पुस्तक।' वाक्य में पदक्रम सम्बन्धी त्रुटि है।‘बैठो और पुस्तक पढ़ो’ उचित वाक्य होगा।

5. **निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है? 'जब मैं दिल्ली गया तब मेरे पास केवल दस रुपये मात्र थे।'**

A जब मैं दिल्ली गया

B तब मेरे पास

C **केवल दस रुपए मात्र थे**

D इनमें से कोई नहीं

## Solution

'जब मैं दिल्ली गया तब मेरे पास केवल दस रुपये मात्र थे।' अशुद्ध वाक्य है क्योंकि इसमें दिरुक्ति संबंधी त्रुटि है।

वाक्य में 'केवल दस रुपए मात्र थे' के भाग में 'केवल- मात्र' दोनों शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकता। सही प्रयोग होगा- 'केवल दस रुपए थे' या 'दस रुपए मात्र थे'।

6. **‘रोहन कविता पढ़ेगा।’ इस वाक्य में कौन सा काल है?**

A इनमें से कोई नहीं

B **संभाव्य भविष्यकाल**

C सामान्य भविष्यकाल

D हेतुहेतुमद भविष्यकाल

## Solution

‘रोहन कविता पढ़ेगा।’ इस वाक्य में संभाव्य भविष्यकाल है।

संभाव्य भविष्यकाल - इस काल के वाक्यों में भविष्य में कुछ होने की संभावना होती है।

जैसे - मीरा नाचेगी।

‘रोहन कविता पढ़ेगा।’ इस वाक्य में ‘संभाव्य भविष्यकाल’ है क्योंकि यहाँ ‘कविता’ पढ़ने की’ संभावना व्यक्त की जा रही है।

7. **‘हो सकता है कि कल मैं मंदिर जाऊँ।’ इस वाक्य में कौन सा काल है?**

A सामान्य भविष्यकाल

B **संभाव्य भविष्यकाल**

C हेतुहेतुमद भविष्यकाल

D इनमें से कोई नहीं

ENTRI

## Solution

उपरोक्त वाक्य ‘हो सकता है कि कल मैं मंदिर जाऊँ।’ इसमें ‘संभाव्य भविष्यकाल’ है क्योंकि यहाँ ‘हो सकता है कि’ से संभावना व्यक्त हो रही है।

संभाव्य भविष्यत काल- जिस में किसी कार्य के होने की संभावना हो वह संभाव्य भविष्यत कल कहलाता है। जैसे- हो सकता है की कल वो आ जाए। आदि।

8. **निम्नलिखित काव्य पंक्ति में कौन सा छंद होगा?**

**निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिनु निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।**

A चौपाई

B सोरठा

C **दोहा**

D रोला

**Solution**

उपरोक्त काव्य पंक्ति दोहा छंद का उदाहरण है।

यह मात्रिक अर्द्धसम छंद है।

दोहा छंद में पहले और तीसरे चरण में 13–13 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे चरण में 11–11 मात्राएँ होती हैं। दूसरे व चौथे चरण के अन्त में 1 लघु अवश्य होना चाहिए।

9. **निम्न विकल्पों में से कौन सा शब्द 'पर्वत' का पर्यायवाची नहीं है?**

A नग

B अंशु

C गिरी

D शैल

## Solution

'पर्वत' का पर्यायवाची 'अंशु' नहीं है।

पर्वत के पर्यायवाची शब्द हैं - गिरी, शैल, नग।

'पर्वत' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - भूधर, पहाड़ आदि।

10. **'किसी वाक्य में जब अर्थ की स्पष्टता हेतु थोड़ा रुकना पड़े' वहाँ किस विराम की आवश्यकता होती है?**

A अर्द्ध विराम

B पूर्ण विराम

C **अल्पविराम**

D उपविराम

## Solution

अल्प विराम ( , )- वाक्य को कहते या लिखते समय जब उसके अर्थ की स्पष्टता हेतु थोड़ी देर का विराम या ठहरना पड़े तो वहाँ पर अल्प विराम का उपयोग किया जाता है। इनका प्रयोग एक से अधिक वस्तुओं, व्यक्तियों या अन्य को अलग-अलग दर्शाने के लिए भी किया जाता है।

ENTRI GET IT ON Google Play